Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त उत्तराखण्ड में शुक्रवार सायं 6:51 बजे

सूर्योदय उत्तराखण्ड में शनिवार सुबह 5:42 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 57 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 16 अगस्त 2024

युवाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा ...पेज-4 पर

News कॉर्नर

## रक्षाबंधन के चलते अभी से ट्रेन फुल, 100 तक पहुंची वेटिंग

**हल्द्वानी।** त्योहारी सीजन के आते ही काठगोदाम रेलवे स्टेशन से चलने वाली नियमित ट्रेनें पैक हो गई हैं। काठगोदाम से दिल्ली, देहरादून, लखनऊ आदि दिशा में जाने वाली ट्रेनों में 100 तक की वेटिंग पहुंच गई है। त्योहारी सीजन के आते ही काठगोदाम रेलवे स्टेशन से चलने वाली नियमित ट्रेनें पैक हो गई हैं। काठगोदाम से दिल्ली, देहरादून, लखनऊ आदि दिशा में जाने वाली ट्रेनों में 100 तक की वेटिंग पहुंच गई है। हालांकि, आरएसी (रिजर्वेशन अगेंस्ट कैंसिलेशन) के तहत कुछ ट्रेनों में टिकट मिलने की उम्मीद हैं। इन ट्रेनों के एसी कोच में भी 40 से 50 के बीच वेटिंग चल रही है। इज्जतनगर मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि त्योहार के चलते ट्रेनों में भीड़ अधिक है।

## डिवाइडर से टकराई कार, एक घायल, नहीं पहुंची पुलिस



**हल्द्वानी।** जश्ने आजादी के मौके पर हल्द्वानी पुलिस भी 'आजाद' नजर आई। एक जश्ने आजादी के दिन जहां हीर होल सेल के नाम से शोरूम में चोरों ने धावा बोल दिया, शोरूम के ठीक सामने सड़क हादसे की सूचना देने के बाद भी पुलिस ने मौके पर पहुंचना उचित नहीं समझा। घायल को स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि बीती रात एक कार डिवाइडर से टकरा गई जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। हादसे की सूचना भोटियापड़ाव चौकी पुलिस को दी गई लेकिन आजादी के जश्न में डूबी पुलिस ने मौके पर पहुंचने की जहमत तक नहीं उठाई। स्थानीय लोगों की मदद के बाद घायल को उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया गया।

आपदा को लेकर मिलेगा सटीक अलर्ट

# इसरो का ईओएस-08 उपग्रह सफलतापूर्वक कक्षा में पहुंचा

**नई दिल्ली**

एजेंसी

अर्थ ऑब्जरवेशन सेटेलाइट ईओएस-08 पृथ्वी की निगरानी करने के साथ ही पर्यावरण और आपदा को लेकर जानकारी देगा। इसके साथ ही तकनीकी प्रदर्शन भी करेगा। लगभग 175.5 किलोग्राम वजन वाला ईओएस-08 कई वैज्ञानिक और व्यावहारिक क्षेत्रों में मूल्यवान डाटा और अंतर्दृष्टि का योगदान देने के लिए तैयार है। इसरो ने श्री हरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से सुबह नए रॉकेट एसएसएलवी डी-3 की लॉन्चिंग कर दी। इसके साथ ईओएस-08 मिशन के तौर पर नई अर्थ ऑब्जरवेशन सैटेलाइट लॉन्च की गई, जो कि आपदाओं के बारे में अलर्ट देगी। इसे सफलतापूर्वक कक्षा में प्रक्षेपित किया गया। यह एसएसएलवी की अंतिम प्रदर्शन उड़ान होगी। इसरो ने बताया कि एसएसएलवी-डी3-ईओएस के प्रक्षेपण से पहले काउंटडाउन 02:47 बजे शुरू हो चुका था। अर्थ ऑब्जरवेशन सेटेलाइट ईओएस-08 पृथ्वी की निगरानी करने के साथ ही पर्यावरण और आपदा को लेकर जानकारी देगा। लगभग 175.5 किलोग्राम वजन वाला ईओएस-08 कई वैज्ञानिक और व्यावहारिक क्षेत्रों में मूल्यवान डाटा और अंतर्दृष्टि का योगदान देने के लिए तैयार है। ईओएस-08 में तीन अत्याधुनिक पेलोड हैं- एक इलेक्ट्रो ऑप्टिकल इन्फ्रारेड पेलोड (ईओआईआर), एक ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम-रिफ्लेक्टोमेट्री पेलोड (जीएनएसएस-आर) और एक एसआईसी यूवी डोसिमीटर। ईओआईआर पेलोड को मध्य-तरंग आईआर और लंबी-तरंग आईआर बैंड में दिन और रात दोनों छवियों को कैप्चर करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो आपदा निगरानी से लेकर आग का पता लगाने और ज्वालामुखी गतिविधि अवलोकन तक के अनुप्रयोगों को सक्षम बनाता है। जीएनएसएस-आर पेलोड महासागर की सतह की हवा के विश्लेषण, मिट्टी की नमी के आकलन और बाढ़ का पता लगाने के लिए अभिनव रिमोट सेंसिंग क्षमताओं को प्रदर्शित करता है।



## सेंचुरी पल्प एंड पेपर संस्थान में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**लालकुआं।** सेंचुरी पल्प एंड पेपर संस्थान में 78वां स्वतंत्रता दिवस सभी कर्मचारियों के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान की मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय कुमार गुप्ता द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में प्रबंधन वर्ग, कर्मचारी वर्ग एवं सभी श्रम संगठनों के अनेकों पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय कुमार गुप्ता ने अपने संबोधन में संस्थान के सभी कर्मचारी व उनके परिजनों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतवर्ष के आजादी दिलाने में हमारे पूर्वजों, देशभक्तों , राजनेताओं तथा समाज के सभी वर्गों के लोगों ने एकजुट होकर ब्रिटिश हुकूमत से कड़ा संघर्ष किया तथा विदेशी सत्ता को उखाड़ फेक हमारे देश को 15 अगस्त सन 1947 को आजादी दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य वित्त अधिकारी महेंद्र कुमार हरित वरिष्ठ उपाध्यक्ष परचेज अमित गंगवाल, अरविंद कुमार त्यागी सहायक उपाध्यक्ष, मृत्युंजय पांडे सहायक उपाध्यक्ष , मुकुल रौतकी वरिष्ठ महाप्रबंधक, नरेश चंद्र वरिष्ठ महाप्रबंधक पर्यावरण एवं अन्य अधिकारी , कर्मचारी व श्रमिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद प्रस्ताव डॉक्टर अरुण कुमार पांडे संयुक्त अध्यक्ष द्वारा पारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एसके बाजपेई महाप्रबंधक कार्मिक एवं प्रशासन द्वारा किया गया।



## स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बीएलएम एकेडमी में रंगारंग कार्यक्रम

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बीएलएम एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्री प्राईमरी वर्ग के नन्हें मुन्ने बच्चों ने ने मिलकर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत थीम पर आयोजित फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

बच्चों ने देश भक्ति से ओत प्रोत कई प्रस्तुतियां दीं। कक्षा यू के जी की छात्रा कृष्णा कुमारी ने मोहक नृत्य से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में नर्सरी से भूमि, अपर्णा और मानस, एलकेजी से गौरवी, ऋषभ और विधि, यूकेजी से कृष्णा , निधि, गौरांश और मिहिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे। प्रबंधक साकेत अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल तथा प्रधानाचार्या डा. गायत्री कँवर ने स्वतंत्रता दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं दीं ।



## स्वतंत्रता दिवस पर खुशहाली की कामना की

**लालकुआं**

हमारे संवाददाता

नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0 में 78 वें आजादी महोत्सव के अवसर पर प्रसाशनिक भवन में अध्यक्ष मुकेश बोरा ने ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्रगान के बाद भारत माता की जय के नारे लगाए। अपने सम्बोधन में अध्यक्ष ने सर्वप्रथम आजादी के दीवानों का भावपूर्ण स्मरण किया और दुग्ध संघ के उत्पादकों समेत समस्त क्षेत्रवासियों व देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी और देश की खुशहाली की कामना भी की।

उन्होंने कहा कि दुग्ध संघ लगातार अपना शानदार योगदान कर रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में जानकारी से अवगत कराया कि दुग्ध संघ विकास एवम कैबिनेट मंत्री सौरव बहुगुणा ने दुग्ध उत्पादकों के लिये 15 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है। जिसमे साढ़े सात करोड़ की धनराशि नैनीताल जिले में दुग्ध उत्पादकों को आगामी त्यौहार के लिये दी गई है। इस मौके पर कारखाना प्रबन्धक हरीश चंद्र आर्या, उमेश पढालनी, प्रभारी प्रशासन संजय सिंह भाकुनी, प्रभारी पी एंड आई सुभाष बाबू, ए एच रमेश मेहता , हिम्मत सिंह पटियार, खलील अहमद, एच् सी, आर्या, भुवन सनवाल, राजेन्द्र प्रसाद, सुरेश सिंह, मोहन चन्द्र जोशी , सहित दुग्ध संघ के कर्मचारीगण व पदाधिकारी मौजूद थे।



## आनंदा एकेडमी में हर्षोल्लास के साथ मनाया 15 अगस्त

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

डहरिया स्थित आनंदा एकेडमी में 78वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर एकेडमी प्रबंधक भूपेंद्र सिंह बिष्ट, डायरेक्टर दीक्षा बिष्ट व प्रधानाचार्य माया बिष्ट ने ध्वजारोहण किया। इस क्रम में नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर देशभक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। उनके गीत, नृत्य और नाटक ने स्वतंत्रता संग्राम के साहसिक क्षणों और बलिदानों को जीवंत कर दिया। प्रबंधक भूपेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता के मूल्य और उनके कर्तव्यों की अहमियत बताई। उन्होंने कहा कि आज का दिन याद दिलाता है कि हमें अपनी स्वतंत्रता की रक्षा और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए। प्रत्येक विद्यार्थी का यह कर्तव्य है कि वह अपने देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझे और उसे सशक्त बनाने में अपना योगदान दे। इस मौके पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं व तमाम अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



## कपड़ों के शोरूम में चोरों का धावा, लाखों का सामान व नगदी चोरी

**हल्द्वानी।** जहां 15 अगस्त को पूरा देश आजादी के जश्न में डूबा हुआ था वहीं चोरों ने शहर के व्यस्त इलाके में सेंधमारी को पुलिस की चौकसी पर सवाल खड़े कर दिए है। चोर शोरूम में लाखों का सामान व हजारों की नगदी चुरा ले गए हैं।

शोरूम स्वामी हितांक सडाना ने बताया कि नैनीताल रोड में जजी कोर्ट के सामने हीर होल सेल के नाम से प्रतिष्ठान है। 14 अगस्त को हितान्सक शोरूम बंद कर घर आ गए थे। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर शोरूम बंद था। शुक्रवार की सुबह जब हितान्क शोरूम में पहुंचे तो शोरूम में पूरा सामान बिखरा पड़ा था और गल्ले से नगदी भी गायब थी। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जानकारीली। शोरूम स्वामी के अनुसार चोर रात में छत के नट बोल्ड खोलकर दुकान में घुसे और से 65 हजार रुपए की नगदी चुरा ले गए।

## टीपी नगर पुलिस को पुलिस के हत्थे चढ़ा कबूरबाज

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

बेहतरीन पुलिसिंग के बल पर टीपी नगर पुलिस ने एक और बड़े मामले का पर्दाफाश किया है। चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट की अगुवाई वाली टीम ने लंबे समय से फरार चल रहे एक कबूतरबाज को दिल्ली एयरपोर्ट से आव्रजन ब्यूरो के सहयोग से गिरफ्तार किया है।

टीपी नगर पुलिस पूर्व में भी कई बड़े मामलों का खुलासा कर चुकी है। जिले में इन दिनों फरार वारंटियों के खिलाफ बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस फरार चल रहे वारंटियों की धर पकड़ कर उन्हें सलाखों के पीछे भेज रही है। इसी क्रम में रामनगर थाने में विदेश भेजने के नाम पर युवाओं से लाखों की ठगी करने के मामले में अफजाल पुत्र अमानत हुसैन निवासी अफगानन शेरकोट बिजनौर के खिलाफ 2022 में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया था। तभी से आरोपी फरार चल रहा था और न्यायालय से उसकी गिरफ्तार के लिए वारंट जारी किए गए थे। वारंटी को गिरफ्तार करने का जिम्मा तेजतर्रार पुलिस अधिकारी टीपी नगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट को सौंपा गया। क्योंकि दीपक बिष्ट पूर्व में भी कई बड़े मामलों का राजफाश कर अपनी काबिलियित और बेहतरीन पुलिसिंग का लोहा मनवा चुके हैं। जब टीपी नगर पुलिस मामले की तह तक गई तो कबूतरबाज के दुबई में होने की जानकारी मिली जिसके बाद टीपी नगर पुलिस ने आव्रजन ब्यूरो (ब्यूरो ऑफ इमिग्रेन नई दिल्ली) से सहयोग लिया। बीती 14 अगस्त को कबूतरबाज के भारत में आने की सूचना मिली जिसके बाद टीपी नगर पुलिस ने आरोपी को इमिग्रेशन ब्यूरो की मदद से अफजाल को दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट, कां. कमल, अनिल शामिल रहे।




उत्तराखण्ड शासन
सभी देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएँ
मैं, भारत माता की स्वाधीनता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सभी अमर शहीदों, महान स्वतन्त्रता सेनानियों तथा स्वतन्त्र भारत की सुरक्षा एवं अखंडता में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी वीर सैनिकों को नमन् करता हूँ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में नए भारत के निर्माण में नए उत्तराखण्ड का योगदान अमूल्य है। आइए, स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर हम उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के विकल्प रहित संकल्प को लेकर राष्ट्रीय पर्व को धूमधाम से मनाएँ।
जय हिन्द, जय उत्तराखण्ड
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
आओ, मिलकर फहराएँ
हर घर तिरंगा
15 अगस्त 2024
21वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनों ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है। ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
विकसित भारत - सशक्त उत्तराखण्ड

- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 के दौरान राज्य सरकार के साथ कुल 3.5 लाख करोड़ रुपये के हुए निवेश समझौते। जिसमें 81 हजार करोड़ के समझौते की ग्राउण्डिंग।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में श्री केदारनाथ धाम का हुआ भव्य एवं दिव्य पुनर्निर्माण कार्य। बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत विकास कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश और जागेश्वर धाम के दर्शन के बाद मानसखंड यात्रा को मिली नई पहचान।
- चार धामों की कनेक्टिविटी के लिए ऑल वेदर रोड का हुआ निर्माण। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का निर्माण कार्य तथा टनकपुर-बागेश्वर रेललाइन सर्वे का कार्य गतिमान।
- नैनीताल जिले की बहुद्देशीय जमरानी बांध परियोजना को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत मिली मंजूरी।
- उत्तराखण्ड जल विद्युत निगम की लखवाड परियोजना पर कार्य प्रारंभ।
- उत्तराखण्ड को दो वंदे भारत ट्रेन की मिली सौगात। देहरादून से दिल्ली एवं देहरादून से लखनऊ का सफर हुआ आसान।
- देहरादून-दिल्ली एक्सप्रेस वे (इकोनॉमिक कारिडोर) का निर्माण कार्य तेजी से जारी, 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोपवे नेटवर्क निर्माण के लिए पर्वत माला परियोजना को मिली मंजूरी। श्री केदारनाथ, हेमकुंड साहिब एवं पूर्णागिरी मंदिर रोपवे के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास।
- उधमसिंहनगर के किच्छा क्षेत्र में एम्स के सैटेलाइट सेंटर का निर्माण कार्य गतिमान। वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत उत्तराखण्ड के सीमांत गाँवों का हो रहा चहुँमुखी विकास।
- जौलीग्रांट एयरपोर्ट एवं पंतनगर एयरपोर्ट को अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने हेतु कार्य गतिमान।
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दिया वेड-इन-उत्तराखण्ड का मंत्र। जिसके तहत राज्य सरकारनए वेडिंग डेस्टिनेशन कर रही विकसित।



**नीति आयोग, भारत सरकार की ओर से एसडीजी 2023-24 की रिपोर्ट जारी की गई है।**

## रिपोर्ट में उत्तराखण्ड ने सतत विकास लक्ष्यों की कसौटी पर खरा उतरते हुए पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया है।

**सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।**

www.uttarainformation.gov.in | uttarakhandDIPR | DIPR_UK | uttarakhand DIPR

# दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



दीक्षांत इंटरनेशनल स्कूल में देशभक्ति गीत व भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया।

आजादी दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया । जिसमें विद्यालय के प्रबंधक समित टिक्कू, एकेडमिक डायरेक्टर स्मृति टिक्कू, प्रधानाचार्य रूपक पांडे, समस्त समन्वयिकाएं, शिक्षक गण व समस्त विद्यार्थी मौजूद रहे। मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के रूप में प्रेम गोस्वामी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदना, ध्वजारोहण व राष्ट्रगान एवं प्रभात फेरी के साथ हुआ। तत्पश्चात विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस पर भाषण कविताएं तथा लघु नाटक प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि प्रेम गोस्वामी ने अपने शब्दों में सभी विद्यार्थियों के कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा उन्हें संगीत के अन्य नियमों से भी अवगत किया । हमेशा याद रहने वाला कार्यक्रम से डायरेक्ट समित टिक्कू ने अपने शब्दों की शुरुआत की। बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की भरपूर सराहना की।

# मिठाई, फल एवं स्टेशनरी किट का वितरण किए

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता



शहर की सामाजिक संस्था राउंड टेबल 348 ने स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर देवलचौड़ स्थित राजकीय प्राईमारी स्कूल में आज झंडारोहण के बाद बच्चों को मिठाई, फल एवं स्टेशनरी किट का वितरण किया।

इस दौरान बच्चों में काफी उत्साह नजर आया। चेयरमैन कृष्णा गोयल एवं शोभित अग्रवाल ने बताया कि हल्द्वानी राउंड टेबल की एक मुहिम के अन्तर्गत समय-समय पर स्कूलों में बच्चों के उत्साहवर्धन और विकास के लिए कार्यक्रम करते रहते हैं।

इस मौके पर कृष्णा गोयल, अर्पित अग्रवाल, सन्नी आनन्द, शोभित अग्रवाल, उत्सव साहनी, यश जैन, रोहित अग्रवाल, राधा गोयल, रितिका अग्रवाल, महक आनन्द, साक्षी साहनी सहित राजकीय प्राथमिक विद्यालय, देवलचौड़ की प्रधानाचार्य पुष्पा सुयाल और विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे।




## NEWS / झलकियां

### रोशनी पुनर्वास केंद्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह



**हल्द्वानी।** 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में रोशनी सोसायटी और हल्द्वानी आनलाइन 2011 के संयुक्त तत्वावधान में रोशनी पुनर्वास केंद्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसडीएम हल्द्वानी पारितोष वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय के न्यूरोसर्जन डॉ.अमित देओल पहुंचे। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के अलावा न्यू पर्ल स्कूल हल्द्वानी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया रोशनी सोसायटी की अध्यक्ष शिवानी पाल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रोशनी सोसायटी के बच्चों द्वारा बनायी गयी राखियां और मसाले आदि के स्टाल का निरीक्षण भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित रोशनी सोसायटी के सभी पदाधिकारी एवं अभिवावक मौजूद रहे।

### सेंट लॉरेंस स्कूल में धूमधाम से मनाया आजादी का जश्न



**हल्द्वानी।** सेंट लॉरेंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आजादी का 78 वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूम-धाम से मनाया गया जिसमें विद्यालय के चैयरमेन अनिल जोशी ने प्रबंधक सुनील जोशी, प्रधानाचार्या अनिता जोशी, उप प्रधानाचार्य भुवनेश कर्नाटक तथा समस्त शिक्षकों सहित ध्वजारोहण कर किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन विद्यालय के कैप्टन जे० एन० जोशी हॉल में हुआ। बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का ध्यान आकर्षित करते हुए श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंत में प्रधानाचार्या अनिता जोशी ने उन वीर शहीदों की कुर्बानी को याद दिलाया। जिसके कारण हम अखण्ड भारत में रहकर अपना 78 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना रहे है। कार्यक्रम को सफल बनने में सभी शिक्षकों का भरपूर सहयोग रहा।

### दमुवाढूंगा के युवाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



**हल्द्वानी।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दमुवाढूंगा के युवाओं, छात्र संघ पदाधिकारियों व समाजसेवियों ने धान मिल बरेली रोड से नैनीताल रोड वियरशिवा स्कूल तक निवर्तमान महापौर जोगेंद्र रौतेला की अगुवाई में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा में युवा भाजपा नेता हृदयेश कुमार, भाजयुमो जिला महामंत्री कुलदीप कुल्याल, शिवम बिष्ट, छात्र संघ उपाध्यक्ष अमन बिष्ट, रोपपाल मौर्या, हरीश आर्य, महेंद्र घनेला, लाखन क्षीरा, पंकज अधिकारी, कार्तिक नेगी, शैलू बिष्ट, मनीष भण्डारी, हर्ष शर्मा, बॉबी गिनवाल, पंकज खत्री, जस्सी भाई, राहुल भौर्याल, निखिल कुमार, हर्ष कनेरा,अभी वर्मा,निखिल दरमवाल,अभी बिष्ट,मनमोहन,राहुल भट्ट,लकी जोशी,आकाश अधिकारी,दीशान्त नेगी,पंकज रावत, शुभम बत्रा,नरेन्द्र बिष्ट, प्रियांशु आर्य, कुनाल पांडे, पार्थ जोशी, रवि गुप्ता आदि शामिल थे।


# कार्यालय जिला पंचायत नैनीताल

पत्रांक: 502/एक-31-2013-2014 दिनांक 14.08.2024

जनपद नैनीताल के समस्त नागरिकों को
स्वतंत्रता दि की हार्दिक शुभकामनाएं

जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के सत्त विकास प्रयासरत जिला पंचायत, नैनीताल को सहयोग प्रदान करने हेतु सी0पी टैक्स एवं लाईसेन्स शुल्क तथा कूड़ा निस्तारण यूजर चार्ज का समय पर भुगतान करने एवं राज्य सरकार द्वारा जारी गाईड लाईन का अनुपालन किये जाने के साथ–साथ मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल के आदेशों के क्रम में पॉलीथीन का प्रयोग न करने एवं कूड़े को नियत स्थान (जिला पंचायत के कूड़ा वाहन) पर डाले जाने के साथ ही यातायात नियमों का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

| कमलेश सिंह बिष्ट | आनन्द सिंह दरम्वाल | बेला तोलिया |
|---|---|---|
| अपर चिकित्सा अधिकारी | उपाध्यक्ष | अध्यक्ष |
| जिला पंचायत, नैनीताल | जिला पंचायत, नैनीताल | जिला पंचायत, नैनीताल |

एवं समस्त मा0 सदस्यगण श्रीमती नेहा, श्रीमती मीना देवी, श्रीमती ममता, श्रीमती प्रेमा गोस्वामी, श्री दीपक चन्द्र मेलकानी, श्री संजय कुमार (सागर पाण्डे), श्रीमती कपिल, श्री लाखन सिंह नेगी, श्री कमलेश सिंह, श्रीमती मंजू आर्या, श्री विपिन चन्द्र, श्रीमती आशा देवी, श्री किशोरी लाल, कु0 मीरा, श्री ललित मोहन, श्री नरेन्द्र सिंह, श्रीमती निवेदिता जोशी, श्री अनिल कुमार चनौतिया, श्रीमती गीता बिष्ट, श्रीमती लेखा भट्ट श्री प्रेम बल्लभ बृजवासी, श्री अंकित साह, श्री कमलेश चन्दोला, श्रीमती आरती, कु0 पूजा अरोड़ा एवं समस्त अधिकारी/कर्मचारी जिला पंचायत, नैनीताल।





**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा उत्तरांचल दीप प्रेस चंद्रकला हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत